>

Title: Regarding alleged use of money and muscle power posing a threat to democracy.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

महोदय, मैं एक बहुत ही गंभीर सवाल उठाने जा रहा हूँ । हम लोगों ने राजनीति में "आया राम-गया राम" बहुत सुना था । वर्ष 1967 में हरियाणा में एक विधायक होते थे ।

माननीय अध्यक्ष : अब आप वर्ष 1967 से शुरू करोगे और वर्ष 2019 तक आओगे ।

कुंवर दानिश अली : महोदय, उन्होंने एक दिन में तीन बार पार्टी बदली थी और तब यह "आया राम-गया राम" नाम पड़ा था । आज देश के सामने यह संकट है और इसके लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से यह माँग कर रहा हूँ कि जो दल-बदल कानून है, उसमें संशोधन किया जाए । यह किसी एक पार्टी या दल का सवाल नहीं है, यह सबका सवाल है । कर्नाटक में जो हुआ, वह आपको पता है ।…(व्यवधान) कल मध्य प्रदेश में भी वैसा हुआ है ।…(व्यवधान) इसीलिए मैं कह रहा हूँ कि यह सबका सवाल है । जिस तरीके से दल-बदल कानून का दुरुपयोग हो रहा है, मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह माँग है कि वह दल-बदल कानून में संशोधन के लिए बिल लाए और उसमें ऐसा प्रावधान होना चाहिए कि अगर संसद या विधान सभा का कोई सदस्य पार्टी बदलता है, तो उसकी ऑटोमेटिक सदस्यता जानी चाहिए । उसे दोबारा चुनाव लड़कर आना चाहिए ।…(व्यवधान) मैं सरकार से यह माँग करता हूँ ।…(व्यवधान) धन्यवाद ।